भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 1704

गुरुवार, 1 अगस्त, 2024/10 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

आरसीएस-उड़ान योजना के अंतर्गत मार्ग

1704. श्री बी.वाई.राघवेन्द्र:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आरसीएस-उड़ान योजना के अंतर्गत शिमोगा विमानपत्तन से कितने मार्गों पर संचालन की स्वीकृति दी गई है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत शिमोगा विमानपत्तन से संचालित किए जा रहे मार्गों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) शेष संचालित किए जाने वाले मार्गों का ब्यौरा क्या है और इन्हें कब तक संचालित किए जाने की संभावना है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) : शिवमोग्गा को पांच गंतव्यों अर्थात न्यू गोवा (मोपा), तिरुपति, हैदराबाद, दिल्ली और चेन्नई से जोड़ने वाले मार्गों को क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस)-उड़ान के अंतर्गत प्रचालन के लिए आवंटित किया गया है।

(ख) : शिवमोग्गा को न्यू गोवा (मोपा), तिरुपति और हैदराबाद से जोड़ने वाले आरसीएस मार्ग दिनांक 21.11.2023 से स्टार एयर द्वारा 76-सीटर प्रकार के विमान के साथ परिचालन में हैं।

(ग) : शिवमोग्गा को दिल्ली, हैदराबाद और चेन्नई से जोड़ने वाले मार्ग स्पाइसजेट को अवार्ड किए गए हैं, परंतु एयरलाइन ने विमानों की कमी के कारण परिचालन आरंभ नहीं किया है।

******